दिनांक–23.04.2024 समय–7.10एएम

प्रादेषिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल
प्रातःकालीन समाचार

सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार :–

- लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में 127 उम्मीदवार चुनाव मैदान में।
- चौथे चरण के लिये नामांकन की प्रक्रिया जारी। अबतक 28 उम्मीदवारों ने नामांकन किये दाखिल।
- कक्षा 5वीं और 8वीं के वार्षिक परीक्षा परिणाम आज होंगे घोषित।
- हनुमान जयंती के अवसर पर प्रदेश में आज विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन।

अब समाचार विस्तार सेः–

तीसरा चरण/प्रचार–प्रदेश

प्रदेश में, तीसरे चरण में 127 उम्मीदवार चुनाव मैदान में रह गए हैं। नाम वापसी के अंतिम दिन कल 14 प्रत्याशियों ने अपने नाम वापस लिये। प्रदेश में, प्रचार अभियान में स्टार प्रचारकों की सभाएं हो रही हैं।

*प्रदेश में* भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा आज टीकमगढ़, रीवा व सतना जिले के प्रवास पर रहेंगे। श्री नड्डा जनसभा एवं स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे। वहीं कल वरिष्ठ भाजपा नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मध्य प्रदेश में प्रचार करेंगे। उधर, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व केंद्रीय मंत्री अरूण यादव और राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा रायसेन और नर्मदापुरम जिलों में कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में विभिन्न स्थानों पर जनसभाओं को संबोधित करेंगे। मध्यप्रदेश में 26 अप्रैल को होने वाले दूसरे चरण के मतदान में कुल एक करोड़ 11 लाख 62 हजार से अधिक मतदाता वोट डालेंगे। चुनाव आयोग की ओर से इनमें से एक करोड़ 10 लाख 39 हजार से ज्यादा मतदाताओं को अब तक क्यू आर कोड युक्त मतदाता सूचना पर्ची वितरित की जा चुकी है।

मतदाता प्रतिशत–प्रदेश

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने लोकसभा चुनाव के दूसरे, तीसरे और चौथे चरण में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिये पूरी गंभीरता से प्रयास करने के निर्देश कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को दिये हैं। उन्होंने पहले चरण से संबंधित लोकसभा क्षेत्रों के जिला निर्वाचन अधिकारियों से चर्चा कर मतदान की समीक्षा की। उन्होंने कम वोटिंग पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा है कि अगले चरणों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिये कलेक्टर्स स्वयं आगे आए। श्री राजन ने कल वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी संसदीय क्षेत्रवार निर्वाचन तैयारियों की समीक्षा की। श्री राजन ने कहा कि कलेक्टर्स यह सुनिश्चित करें कि सभी मतदाताओं के घर में मतदाता सूचना पर्ची पहुँच जायें। बीएलओ द्वारा दी गई वितरण जानकारी का सत्यापन भी करायें।

तीसरा चरण–उम्मीदवार–प्रदेश

तीसरे चरण में नाम वापस लेने के अंतिम दिन कल 14 अभ्यर्थियों ने अपने नाम निर्देशन पत्र वापस ले लिये। मुरैना में 15 अभ्यर्थी, भिण्ड में 7, ग्वालियर में 19, गुना में 15, सागर में 13, विदिशा में 13, भोपाल में 22, राजगढ़ में 15 अभ्यर्थी एवं लोकसभा संसदीय क्षेत्र 29 बैतूल में 8 उम्मीदवार चुनाव मैदान में रह गये हैं। इन

अभ्यर्थियों के शपथ पत्र एवं अन्य जानकारियां भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट की लिंक https://affidavit.eci.gov.in/ पर देखी जा सकती है।

चौथा चरण–नामांकन–प्रदेश

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया है कि लोकसभा के निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार चौथे चरण के लिये नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया जारी है। चौथे चरण के लिये नाम निर्देशन पत्र के चौथे दिन 12 अभ्यर्थियों ने 22 नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत किये। अब तक 28 उम्मीदवारों द्वारा 47 नाम निर्देशन पत्र दाखिल किये जा चुके हैं। कल देवास में 6 नाम निर्देशन पत्र, उज्जैन में 4, मंदसौर में 4 नाम निर्देशन पत्र, रतलाम में 2, इंदौर में 4 नाम निर्देशन पत्र, खरगौन 1, खण्डवा में 1 नाम निर्देशन पत्र दाखिल किया गया। चौथे चरण के धार में किसी भी अभ्यर्थी द्वारा कोई भी नाम निर्देशन पत्र दाखिल नहीं किया गया। नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 25 अप्रैल है। 26 अप्रैल को नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की जाएगी। 29 अप्रैल तक अपने नाम वापस ले सकेंगे। चौथे चरण के लिए, 13 मई को मतदान होगा। सभी चरणों में हुये मतदान की मतगणना 4 जून को होगी।

परीक्षा परीणाम–प्रदेश

प्रदेश में कक्षा 5वीं और 8वीं बोर्ड पैटर्न परीक्षा परिणाम आज प्रातः 11:30 बजे घोषित किया जा रहा है। परीक्षा परिणाम की घोषणा भोपाल के अरेरा हिल्स स्थित स्कूल शिक्षा विभाग के राज्य शिक्षा केन्द्र सभागार में की जायेगी। बोर्ड पैटर्न परीक्षा में करीब 24 लाख बच्चे शामिल हुए थे। इनमें कक्षा–5 के 12 लाख 35 हजार के करीब और कक्षा–8 के 11 लाख 37 हजार के करीब बच्चे शामिल हैं। प्रारंभिक स्तर पर बोर्ड पैटर्न परीक्षा आयोजित करने वाला मध्यप्रदेश देशभर में अग्रणी राज्य के रूप में पहचाना जाता है। परीक्षा परिणाम दोपहर 12:30 बजे से वेबसाइट https://www.rskmp.in/BoardExam/Result24/StudentResult.aspx पर देखा जा सकेगा।

प्रधानमंत्री–प्रदेश दौरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल राजधानी भोपाल के चुनावी दौरे पर आ रहे हैं। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी भोपाल में रोड शो करेंगे। जिसको लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल रोड शो मार्ग का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एयरटेल चौराहे से लेकर नानके पेट्रोल पंप तक रोड शो मार्ग का निरीक्षण किया। उन्होंने व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली एवं आवश्यक दिशा–निर्देश दिये। इस अवसर पर भाजपा लोकसभा चुनाव के प्रदेश सह प्रभारी सतीश उपाध्याय, सहित पार्टी पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

हनुमान जयंती

प्रदेश भर में हनुमान जयंती धार्मिक उल्लास के साथ मनाई जा रही है। इस मौके पर प्रदेश भर में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान किये जा रहे है। रायसेन जिले में धूमधाम के साथ हनुमान जयंती मनाने की तैयारिया जारी है। हनुमान जयंती के अवसर पर जिले भर के हनुमान मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठान होंगे। रायसेन के गंज बाजार स्थित हनुमान मंदिर में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी हनुमान जयंती के अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित करते हुए

महा प्रसादी का वितरण किया जाएगा। खंडवा में भी प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी आज हनुमान जन्म जयंती धार्मिक उत्साह के साथ पूरे शहर में हनुमान मंदिरों में मनाया जाएगा, वही उज्जैन में हनुमान जयंती के अवसर पर जिले और शहर के सभी हनुमान मंदिरों में साफ सफाई आकर्षक साज–सजा के साथ हनुमान जी को चोला चढ़ाया गया है। हनुमान मंदिरों में भंडारे का आयोजन भी किया जा रहा है। आगरमालवा जिले के हनुमान प्रतिमाओं का चौला चढ़ाकर मंदिरों में आकर्षक साज–सज्जा की गई। सूर्योदय के समय हनुमानजी की विषेष पूजा–अर्चना कर प्रसादी का वितरण किया गया। वही जिले में अनेक स्थानों पर रामायण पारायण, चल समारोह, हवन, अनुष्ठान के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

जनता की आवाज–आकाशवाणी के साथ

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी मध्यप्रदेश द्वारा लोकसभा चुनावों में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए 'जनता की आवाज–आकाशवाणी के साथ, नामक एक ख़ास कार्यक्रम शुरू किया है... इसमें हम आम लोगों द्वारा मतदान के लिए की जा रही अपील को शामिल कर रहे हैं, जिससे अन्य श्रोता भी मतदान के लिए प्रेरित हो। आप भी अपनी आवाज़ में मतदान के महत्व पर केन्द्रित अधिकतम 40 सेकेण्ड का एक बढ़िया सा वीडियो सन्देश रिकार्ड करिए और हमारे WhatsApp नंबर 94065 23035 पर अपने नाम और निवास स्थान के नाम के साथ भेज दीजिए। हम आपके संदेशों को प्रतिदिन समाचारों के साथ प्रसारित करेंगे...और हाँ, आप भी मतदान अवश्य करिए।

मौसम

प्रदेश में एक बार फिर आंधी बारिश का दौर शुरू हो गया है। मौसम विभाग ने आज नर्मदापुरम, बैतुल, खंडवा, खरगौन, धार, अनुपपुर, डिंडौरी छिंदवाड़ा सिवनी, मंडला बालाघाट पांढुर्णा सहित 12 जिलों में ओलावृष्टि और तेज हवा के साथ बारिश का आरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं 28 जिलों में हल्की बारिश को लेकर यलो अलर्ट जारी किया गया है। इनमें इंदौर देवास भोपाल हरदा सागर मैहर जिले शामिल है। प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के एक्टिव होने से बारिश हो रही है। भोपाल सहित कई जिलों में कल दिनभर बादल छाए। मौसम विभाग ने बताया कि 25 अप्रैल से एक बार फिर तेज गर्मी पड़ेगी। जिससे कई शहरों में तापमान 42 डिग्री सैल्सियस से अधिक होने की संभावना है।

आईपीएल क्रिकेट

आईपीएल क्रिकेट में, राजस्थान रॉयल्स ने मुंबई इंडियंस को 9 विकेट से हरा दिया है। जीत के लिए 180 रन का लक्ष्य का पीछा करते हुए राजस्थान रॉयल्स ने 18 ओवर 4 गेंद में 1 विकेट खोकर 183 रन बनाए। राजस्थान रॉयल्स के लिए यशस्वी जायसवाल ने नाबाद 104 रन और संजू सैमसन ने नाबाद 38 रन बनाए।

इससे पहले बल्लेबाजी करते हुए मुंबई इंडियंस ने निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट पर 179 रन बनाए। मुंबई इंडियंस के लिए तिलक वर्मा ने 45 गेंदों में सर्वाधिक 65 रन बनाए, जबकि राजस्थान रॉयल्स के लिए संदीप शर्मा ने 5 विकेट लिए।

आज चेन्नई के एम. ए. चिदम्बरम स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स का मुकाबला लखनऊ सुपर जाइंट्स से शाम 7.30 बजे से होगा।

न्यूज फॉर हिन्दी वैब -

(1) हनुमान जयंती

प्रदेश भर में हनुमान जयंती धार्मिक उल्लास के साथ मनाई जा रही है। इस मौके पर प्रदेश भर विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान किये जा रहे है। रायसेन जिले में धूमधाम के साथ हनुमान जयंती मनाने की तैयारिया जारी है। हनुमान जयंती के अवसर पर जिले भर के हनुमान मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठान होंगे। रायसेन के गंज बाजार स्थित हनुमान मंदिर में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी हनुमान जयंती के अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित करते हुए महा प्रसादी का वितरण किया जाएगा। खंडवा में भी प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी आज हनुमान जन्म जयंती धार्मिक उत्साह के साथ पूरे शहर में हनुमान मंदिरों में मनाया जाएगा, वही उज्जैन में हनुमान जयंती के अवसर पर जिले और शहर के सभी हनुमान मंदिरों में साफ सफाई आकर्षक साज-सजा के साथ हनुमान जी को चोला चढ़ाया गया है। हनुमान मंदिरों में भंडारे का आयोजन भी किया जा रहा है। आगरमालवा जिले के हनुमान प्रतिमाओं का चौला चढ़ाकर मंदिरों में आकर्षक साज-सज्जा की गई। सूर्योदय के समय हनुमानजी की विषेष पूजा-अर्चना कर प्रसादी का वितरण किया गया। वही जिले में अनेक स्थानों पर रामायण पारायण, चल समारोह, हवन, अनुष्ठान के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

(2) तीसरा चरण/प्रचार-प्रदेश

प्रदेश में, तीसरे चरण में 127 उम्मीदवार चुनाव मैदान में रह गए हैं। नाम वापसी के अंतिम दिन कल 14 प्रत्याशियों ने अपने नाम वापस लिये। प्रदेश में, प्रचार अभियान में स्टार प्रचारकों की सभाएं हो रही हैं।

प्रदेश में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा आज टीकमगढ़, रीवा व सतना जिले के प्रवास पर रहेंगे। श्री नड्डा जनसभा एवं स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे। वहीं कल वरिष्ठ भाजपा नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मध्य प्रदेश में प्रचार करेंगे। उधर, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व केंद्रीय मंत्री अरूण यादव और राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा रायसेन और नर्मदापुरम जिलों में कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में विभिन्न स्थानों पर जनसभाओं को संबोधित करेंगे। मध्यप्रदेश में 26 अप्रैल को होने वाले दूसरे चरण के मतदान में कुल एक करोड़ 11 लाख 62 हजार से अधिक मतदाता वोट डालेंगे। चुनाव आयोग की ओर से इनमें से एक करोड़ 10 लाख 39 हजार से ज्यादा मतदाताओं को अब तक क्यू आर कोड युक्त मतदाता सूचना पर्ची वितरित की जा चुकी है।

(3) मतदाता प्रतिशत-प्रदेश

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने लोकसभा चुनाव के दूसरे, तीसरे और चौथे चरण में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिये पूरी गंभीरता से प्रयास करने के निर्देश कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को दिये हैं। उन्होंने पहले चरण से संबंधित लोकसभा क्षेत्रों के जिला निर्वाचन अधिकारियों से चर्चा कर मतदान की समीक्षा की। उन्होंने कम वोटिंग पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा है कि अगले चरणों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिये कलेक्टर्स स्वयं आगे आए। श्री राजन ने कल वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी संसदीय क्षेत्रवार निर्वाचन तैयारियों की समीक्षा की। श्री राजन ने कहा कि कलेक्टर्स यह सुनिश्चित करें कि सभी मतदाताओं के घर में मतदाता सूचना पर्ची पहुँच जायें। बीएलओ द्वारा दी गई वितरण जानकारी का सत्यापन भी करायें। जिला निर्वाचन अधिकारियों ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिये उनके द्वारा किये जा रहे।

(4) तीसरा चरण-उम्मीदवार-प्रदेश

तीसरे चरण में नाम वापस लेने के अंतिम दिन कल 14 अभ्यर्थियों ने अपने नाम निर्देशन पत्र वापस ले लिये। मुरैना में 15 अभ्यर्थी, भिण्ड में 7, ग्वालियर में 19, गुना में 15, सागर में 13, विदिशा में 13, भोपाल में 22, राजगढ़ में 15 अभ्यर्थी एवं लोकसभा संसदीय क्षेत्र 29 बैतूल में 8 उम्मीदवार चुनाव मैदान में रह गये हैं। इन अभ्यर्थियों के शपथ पत्र एवं अन्य जानकारियां भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट की लिंक https://affidavit.eci.gov.in/ पर देखी जा सकती है।

(5) चौथा चरण-नामांकन-प्रदेश

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया है कि लोकसभा के निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार चौथे चरण के लिये नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया जारी है। चौथे चरण के लिये नाम निर्देशन पत्र के चौथे दिन 12 अभ्यर्थियों ने 22 नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत किये। अब तक 28 उम्मीदवारों द्वारा 47 नाम निर्देशन पत्र दाखिल किये जा चुके हैं। कल देवास में 6 नाम निर्देशन पत्र, उज्जैन में 4 मंदसौर में 4 नाम निर्देशन पत्र, रतलाम में 2 , इंदौर में 4 नाम निर्देशन पत्र, खरगौन 1 खण्डवा में 1 नाम निर्देशन पत्र दाखिल किया गया। चौथे चरण के धार में किसी भी अभ्यर्थी द्वारा कोई भी नाम निर्देशन पत्र दाखिल नहीं किया गया। नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 25 अप्रैल है। 26 अप्रैल को नाम निर्देशन

पत्रों की संवीक्षा की जाएगी। 29 अप्रैल तक अपने नाम वापस ले सकेंगे। चौथे चरण के लिए, 13 मई को मतदान होगा। सभी चरणों में हुये मतदान की मतगणना 4 जून को होगी।

(6) प्रधानमंत्री-प्रदेश दौरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल राजधानी भोपाल के चुनावी दौरे पर आ रहे हैं। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी भोपाल में रोड शो करेंगे। जिसको लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल रोड शो मार्ग का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एयरटेल चौराहे से लेकर नानके पेट्रोल पंप तक रोड शो मार्ग का निरीक्षण किया। उन्होंने व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस अवसर पर भाजपा लोकसभा चुनाव के प्रदेश सह प्रभारी सतीश उपाध्याय, सहित पार्टी पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

-------------------------------------